लेखे एक दृष्टि में

2018-19

प्रधान महालेखाकार
(लेखा एवं हकदारी)
हिमाचल प्रदेश सरकार

सत्यमेव जयते
हिमाचल प्रदेश सरकार

हिमाचल प्रदेश सरकार

प्रस्तावना

हिमाचल प्रदेश सरकार के वर्ष 2018-19 के 'लेखे एक दृष्टि में' के हमारे इस वार्षिक प्रकाशन के इक्कीसवें संस्करण को प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष है जो सरकारी कार्यकलापों, जैसा कि वित्तीय लेखाओं तथा विनियोग लेखाओं में प्रदर्शित हैं, को व्यापक अधि-दृष्टि प्रदान करता है।

वित्तीय लेखे, समेकित निधि, आकस्मिकता निधि तथा लोक लेखा की संक्षिप्त-विवरणियां हैं। विनियोग लेखे राज्य विधायिका द्वारा अनुमोदित किए गए प्रावधानों के अन्तर्गत अनुदान-वार व्यय को दर्शाते हैं तथा वास्तविक व्यय और प्रदत्त-निधियों के बीच अन्तरों की व्याख्या करते हैं।

नियन्त्रक महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 की अपेक्षाओं के अनुरूप भारत के नियन्त्रक महालेखापरीक्षक के दिशा-निर्देशों के अधीन मेरे कार्यालय द्वारा राज्य-विधायिका के पटल पर रखे जाने हेतु वार्षिक वित्तीय तथा विनियोग लेखाओं को तैयार किया गया है।

हमें आपके सुझावों की प्रतीक्षा रहेगी ।

शिमला
दिनांकः 10 जून 2020

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)

हमारा दृष्टिकोण, उद्देश्य तथा आन्तरिक मूल्य

दृष्टिकोण

भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक के संस्थान का दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि हम क्या बनना चाहते हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र लेखा परीक्षण एवं लेखांकन के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सर्वोच्च पद्धतियों की पहल तथा विश्वव्यापी नेतृत्व की ओर हम सतत अग्रसर हैं और लोक वित्त एवं अभिशासन पर स्वतन्त्र, विश्वसनीय, संतुलित तथा समय-बद्ध रिपोर्टिंग हेतु जाने जाते हैं।

उद्देश्य

हमारा उद्देश्य हमारी वर्तमान भूमिका को निरूपित करता हैं तथा हमारे आज किए जाने वाले कार्य को परिभाषित करता है।

भारत के संविधान द्वारा अधिदेशित, हम उच्च गुणात्मक लेखा-परीक्षण तथा लेखांकन के माध्यम से उत्तरदायित्व, पारदर्शिता तथा सदभाव-पूर्ण अभिशासन को प्रोन्नत करते हैं तथा अपने पणधारियों, विधायिका, कार्यपालिका तथा जनता को इस बात से आश्वस्त करते हैं कि लोक-निधियों को दक्षता-पूर्वक एवं अपेक्षित-उद्देश्यों हेतु ही उपयोग किया जा रहा है।

आन्तरिक मूल्य

हमारे आन्तरिक मूल्य हमारे समस्त कार्य-कलापों के मार्गदर्शक संकेत हैं तथा हमें हमारी निष्पादिता के आंकलन हेतु सन्दर्भिका प्रदान करते हैं।

- स्वतंत्रता
- वस्तुनिष्ठता
- सत्यनिष्ठा
- विश्वसनीयता
- व्यावसायिक उत्कृष्टता
- पारदर्शिता
- सकारात्मक दृष्टिकोण

विषय सूची

		पृष्ठ
अध्याय I	**अधिदृष्टि**	
1.1	भूमिका	1
1.2	सरकारी लेखाओं की संरचना	2
1.3	वित्त लेखे और विनियोग लेखे	4
1.4	निधियों का स्त्रोत तथा अनुप्रयोग	6
1.5	राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबन्धन(एफ आर बी एम) अधिनियम, 2005	10
अध्याय II	**प्राप्तियाँ**	
2.1	भूमिका	13
2.2	राजस्व प्राप्तियां	13
2.3	कर राजस्व	15
2.4	कर वसूली में दक्षता	18
2.5	संघीय करों में राज्य के अंश का पिछले पांच वर्षो का रूझान	18
2.6	सहायता-अनुदान	19
2.7	लोक ऋण	20
अध्याय III	**व्यय**	
3.1	भूमिका	21
3.2	राजस्व व्यय	22
3.3	पूंजीगत व्यय	24
अध्याय IV	**योजनागत तथा आयोजनेतर व्यय**	
4.1	व्यय का वितरण	27
4.2	योजनागत व्यय	27
4.3	आयोजनेतर व्यय	29
4.4.	प्रतिबद्ध व्यय	30

पृष्ठ

अध्याय V **विनियोग लेखे**

5.1 वर्ष 2018-19 के लिए विनियोग लेखों का सारांश 31
5.2 विगत पांच वर्षों में बचत/आधिक्य का रूझान 31
5.3 महत्वपूर्ण बचतें 32

अध्याय VI **परिसम्पतियां तथा दायित्व**

6.1 परिसम्पतियां 36
6.2 ऋण तथा देनदारियां 37
6.3 प्रतिभूतियां 38

अध्याय VII **अन्य मदें**

7.1 आन्तरिक ऋणों के अधीन प्रतिकूल शेष 39
7.2 राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण व अग्रिम 39
7.3 स्थानीय निकायों तथा अन्य को वित्तीय सहायता 39
7.4 रोकड़-शेष तथा रोकड़-शेष का निवेश 41
7.5 लेखाओं का समाधान 42
7.6 लेखे प्रस्तुत करने वाली इकाईयों द्वारा लेखाओं का प्रेषण 42
7.7 अग्रिम भुगतान 42
7.8 उचन्त शेषों की स्थिति 42
7.9 लम्बित उपयोगिता प्रमाण पत्रों की स्थिति 43
7.10 अपूर्ण पूंजीगत निमार्ण कार्यो बारे वचनबद्धता 44
7.11 नई पेंशन स्कीम 45
7.12 व्यक्तिगक जमा खाते 45
7.13 निवेश 46
7.14 व्यय का तीव्र प्रवाह 46
7.15 आरक्षित निधियां 47
7.16 राज्य सरकार द्वारा लगाये गए उपकर 48
7.17 लेखाकंन मानक से संकलन भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 48

अध्याय I

अधिदृष्टि

1.1 भूमिका

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) हिमाचल प्रदेश विभिन्न अभिकरणों/एजेसियों द्वारा संग्रहित, वर्गीकृत एवं लेखा सामग्री को संकलित करने तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के लेखे तैयार करने का कार्य करता है। यह संकलन 18 जिला खजानों , 80 लोक निर्माण मण्डलों, 54 सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डलों व 89 वन मण्डलों द्वारा प्रेषित किए गए प्रारम्भिंक लेखाओं तथा अन्य राज्यों/लेखा कार्यालयों एवं भारतीय रिजर्व बैंक के संज्ञापनो पर आधारित होता है। कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार के समक्ष प्रतिमाह एक मासिक सिविल लेखा प्रस्तुत किया जाता है। कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा सरकार के व्यय की गुणवत्ता एवं महत्वपूर्ण वित्तीय सकेतकों की तिमाही टिप्पणी भी प्रस्तुत की जाती है। प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) हिमाचल प्रदेश द्वारा लेखा-परीक्षण करने तथा भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा प्रमाणित किए जाने के पश्चात प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) संकलित इन लेखाओं से वार्षिक वित्त लेखे तथा विनियोग लेखे तैयार करता है जिन्हें राज्य विधान सभा के पटल पर रखा जाता है।

1.2 सरकारी लेखाओं की संरचना

1.2.1 सरकारी लेखाओं को तीन भागों में रखा जाता है:-

1.2.2 लेखाओ का संकलन

लेखा संकलन हेतु प्रवाह आरेख



1.3 वित्त लेखे और विनियोग लेखे

1.3.1 वित्त लेखे

वित्त लेखे में, लेखाओं में अभिलेखित राजस्व तथा पूंजीगत लेखाओं, लोक ऋण तथा लोक - लेखा शेषों द्वारा उजागर वित्तीय परिणामों के साथ-साथ उस वर्ष में सरकार की प्राप्तियां तथा संवितरण इंगित की जाती हैं। वित्त लेखे को ज्यादा व्यापक तथा सूचनापूर्ण बनाने के लिए इन्हें दो खण्डों में तैयार किया गया है। वित्त-लेखे के खण्ड-I में भारत के नियन्त्रक महालेखापरीक्षक का प्रमाणपत्र, समग्र प्राप्तियों तथा संवितरणों की सारांश विवरणियां एवं सार्थक लेखाकरण नीतियों, लेखाओं तथा अन्य मदों की गुणवत्ता को समाहित करती 'लेखाओं पर टिप्पणियां' का समावेश किया जाता है। खण्ड-II के अन्तर्गत विस्तृत विवरणियां (भाग-I) तथा परिशिष्ट (भाग- II) समावेश किया जाता हैं ।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा द्वारा सम्बन्धित वर्ष हेतु अनुमोदित व्यय के अतिरिक्त राज्य में विभिन्न स्कीमों एवं कार्यक्रमों पर खर्च करने के लिए भारत सरकार राज्य क्रियान्वयन एजैंसियों/गैर सरकारी संगठनों (एन. जी. ओ.) को पर्याप्त निधियों का प्रत्यक्ष रूप से अन्तरण करती है। ऐसे अन्तरणों (इस वर्ष ₹ 962 करोड़ की राशि) को राज्य सरकार के लेखों में दर्शाया नहीं गया है, अपितु वित्त-लेखे के खण्ड- II में परिशिष्ट- VI में प्रदर्शित किया गया है।

1.3.2 वर्ष 2018-19 की वित्तीय आर्कषणं

वर्ष **2018-19** के वास्तविक वित्तीय परिणामों तथा बजट अनुमानों का विवरण निम्नलिखित सारणी में दर्शाया गया है :

क्र0 स0	विवरण	बजट प्राक्कलन 2018-19	वास्तविक आंकड़े 2018-19	बजट प्राक्कलनों के साथ वास्तविक आंकड़ों की प्रतिशतता	जी.एस.डी.पी. के साथ वास्तविक आंकड़ों की प्रतिशतता (#)
1.	कर राजस्व (संधीय भाग सहित) (क)	14635	13002	89	9
2.	गैर कर-राजस्व	1981	2830*	143	2
3.	सहायता अनुदान एवं अंशदान	13784	15118	110	10
4.	*राजस्व प्राप्तियां (1+2+3)*	**30400**	**30950***	**102**	**20**
5.	ऋणों व अग्रिमों की वसूली	35	22	63	--**
6.	अन्य प्राप्तियां	--**	9	--**	--**
7.	उधार तथा अन्य दायित्व (ख)	7821	3512	45	3
8.	*पूंजीगत प्राप्तियां (5+6+7)*	**7856**	**3543**	**45**	**2**
9.	*कुल प्राप्तियां (4+8)*	**38256**	**34493**	**90**	**23**
10.	*राजस्व व्यय*	**33568**	**29442**	**88**	**19**
11.	मद संख्या 11 में से ब्याज अदायगियों पर आयोजनेतर व्यय	4260	4022	94	3
12.	*पूंजीगत व्यय*	**4240**	**4583**	**108**	**3**
13.	*ऋणों तथा अग्रिम (ग)*	**448**	**468**	**104**	**--****
14	*कुल व्यय (10+12+13)*	**38256**	**34493**	**90**	**23**
15.	*राजस्व घाटा (-) राजस्व आधिक्य (+)(4-10)*	**(-)3168**	**(+)1508***	**(+)149**	**1**
16.	*राजकोषीय घाटा (4+5+6-14)*	**(-)7821**	**(-)3512**	**(-)45**	**(-)2**

(क) इसमें राज्यों को समनुदेशित निवल आगमों का अंश ₹ 5429 करोड़ सम्मिलित है । (राज्य सरकार की निजी कर प्राप्तियाँ ₹ 7573 करोड़ थी जो कि जी एस डी पी का 5 *प्रतिशत* है।)

(ख) उधारी तथा अन्य दायित्वः- लोक-ऋण की शुद्ध राशि (प्राप्तियां - संवितरण) + आकस्मिकता व्यय निधि की शुद्ध राशि + लोक लेखा की शुद्ध राशि (प्राप्तियां-संवितरण) + प्रारम्भिक तथा अन्तिम शेष की शुद्ध राशि।

(ग) ऋण तथा अग्रिम योजनागत (₹ 439 करोड़) + ऋण तथा अग्रिम आयोजनेतर (₹ 29 करोड़)

\# सकल राज्य घरेलु उत्पाद आंकड़े (**₹ 151835 करोड़**) हिमाचल प्रदेश सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से लिए गये क्योंकि यह आंकड़े भारत सरकार के सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यन्वयन मंत्रालय के वेव साइट पर उपलब्ध नहीं है।

* बुक-समायोजन द्वारा ₹ 12 करोड़ की राशि शामिल है ।

** प्रतिशतता नगण्य थी अतः-- दर्शाया गया है ।

वर्ष 2018-19 की प्राप्तियां व संवितरण



(क) इसमें राज्यों को समनुदेशित निवल आगमों का अंश ₹5429 करोड़ सम्मिलित है । (राज्य सरकार की कर प्राप्तियाँ ₹ 7573 करोड़ थी जो कि जी एस डी पी का 5 *प्रतिशत* है।)

(ख) उधारी तथा अन्य दायित्वः- लोक-ऋण की शुद्ध राशि (प्राप्तियां - संवितरण) + आकस्मिकता व्यय निधि की शुद्ध राशि + लोक लेखा की शुद्ध राशि (प्राप्तियां-संवितरण) + प्रारम्भिक तथा अन्तिम शेष की शुद्ध राशि।

1.3.3 विनियोग लेखे

संविधान के अनुच्छेद-204 व 205 के अन्तर्गत यह प्रावधान है कि कोई भी व्यय विधायिका के प्राधिकरण के बिना नहीं किया जा सकता। संविधान में वर्णित कुछ ऐसे व्ययों को छोड़कर, जिन्हें समेकित-निधि को प्रभारित किया जाता है तथा विधायिका के वोट के बिना खर्च किया जा सकता है, बाकी अन्य सभी व्यय "दत्तमत" होना आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश के बजट में 15 प्रभारित विनियोजन तथा 32 दत्तमत अनुदान है। विनियोग लेखाओं का उद्देश्य यह दर्शाना है कि विनियोग के साथ संकलित किए गए वास्तविक व्यय को किस सीमा तक प्रति वर्ष के विनियोग अधिनियम के माध्यम से विधायिका द्वारा प्राधिकृत किया गया है।

1.3.4 बजट तैयारी में दक्षता

वर्ष के अन्त में, विधायिका द्वारा अनुमोदित बजट (₹ 46985 करोड़)के सम्मुख हिमाचल प्रदेश सरकार के वास्तविक व्यय के अन्तर्गत ₹5337 करोड़ की कुल बचत और ₹ 821 करोड़ का व्यय आधिक्य दर्शाया गया है अतएव ₹ 4516 करोड़ की निवल बचत हुई । भू-राजस्व और जिला प्रशासन, सिंचाई, जलापूर्ति एवं स्वच्छता, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, न्याय प्रशासन, लोक निर्माण कार्य-सड़के, पुल तथा भवन (सभी दत्तमत अनुदान), सम्बन्धित कुछ अनुदानों के अर्न्तगत अधिक्य प्राधिकरत होने हैं।

1.4 निधियों का स्त्रोत तथा अनुप्रयोग

1.4.1 अर्थोपाय अग्रिम

रिजर्ब बैंक के साथ बनाए रखे जाने वाले आपेक्षित न्यूनतम नकद शेषों में कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से आर्थोपाय अग्रिम लिए जाते हैं। वर्ष 2018-19 के दौरान ₹ 1496 करोड़ की राशि ली गई तथा ₹ 1496 करोड़ वापिस किए गए।

1.4.2 भारतीय रिजर्व बैंक से ओवर ड्राफ्ट

भारतीय रिजर्ब बैंक के साथ बनाए रखे जाने वाले आपेक्षित न्यूनतम नकद शेष में ₹ 0.55 करोंड़ से कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से आर्थोपाय अग्रिम के पश्चात् ओवर ड्राफ्ट लिया जाता है। वर्ष 2018-19 के दोरान राज्य सरकार द्वारा कोई भी ओवर ड्राफ्ट नहीं लिया गया।

1.4.3 निधि प्रवाह विवरणिका

31 मार्च 2019 को राज्य का राजस्व आधिक्य ₹ 1508 करोड़ तथा राजकोषीय घाटा ₹ 3512 करोड़ था। राजकोषीय घाटा की पूर्ति निवल लोक ऋण (₹1754 करोड़), लोक लेखा में बढौतरी (₹ 2250 करोड़) और आदि शेष तथा अन्त शेष में निवल घाटा (₹491 करोड) द्वारा की गई। राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियों (₹ 30950 करोड़) का लगभग 69 *प्रतिशत* वेतनों (₹10956 करोड़), ब्याज-अदायगियों (₹ 4022 करोड़), तथा पैंशन (₹4975 करोड़) और उपदान (₹1283 करोड़) तथा मजदूरी (₹ 254 करोड़) जैसे प्रतिबद्ध-व्यय पर खर्च हुआ।

निधियों का स्त्रोत तथा अनुप्रयोग

(₹ करोड़ में)

01 अप्रैल 2018 को आरम्भिक रोकड़ शेष	(-)541
राजस्व प्राप्तियां	30950
पूंजीगत प्राप्तियां	9
ऋणों व अग्रिमों की वसूली	22
लोक ऋण	6427
लघु बचत, भविष्य निधि आदि	3753
आरक्षित तथा निक्षेप निधियां	500
प्राप्त जमा	3519
चुकता किए गए सिविल अग्रिम	62
उचन्त लेखे	36127*
सम्प्रेषण	7448
योग	88276



राजस्व व्यय	29442
पूंजीगत व्यय	4583
दिए गए ऋण	468
लोक ऋणो की अदायगी	4673
लघु बचत, भविष्य निधि आदि	2640
आरक्षित तथा निक्षेप निधियां	508
प्राप्त जमा	3110
दिए गए सिविल अग्रिम	62
उचन्त लेखे	35504**
सम्प्रेषण	7336
31 मार्च 2019 को अन्तिम रोकड़ शेष	(-)50
योग	88276

* ₹ 35288 करोड़ रोकड़ शेष निवेश लेखा भी सम्मिलित है।

** ₹ 34666 करोड़ रोकड़ शेष निवेश लेखा भी सम्मिलित है।

1.4.4 ₹ कहाँ से आया

वास्तविक प्राप्तियां



(ऋणों व अग्रिमों की वसूली केवल ₹ 22 करोड़ थी जो कि नगण्य थी अतः मूल्य शून्य दर्शाया गया है)

1.4.5 ₹ कहाँ गया

वास्तविक व्यय



वर्ष 2018-19 में ₹1508 करोड़ का राजस्व आधिक्य (वर्ष 2017-18 में ₹314 करोड़ आधिक्य) तथा ₹ 3512 करोड़ का राजकोषीय-घाटा (वर्ष 2017-18 में ₹ 3870 करोड़ घाटा) सकल राज्य घरेलू उत्पाद का क्रमशः 1 प्रतिशत तथा 2 प्रतिशत है। राजकोषीय घाटा समग्र व्यय का 10 प्रतिशत रहा।

घाटा तथा आधिक्य क्या इंगित करते हैं ?

घाटा

राजस्व तथा व्यय के बीच के अन्तर से सम्बन्धित है। घाटे का स्वरूप, घाटा वित्तपोषित कैसे हो तथा निधियों का अनुपयोग वित्तीय-प्रबन्धन में दूरदर्शिता व सूझ-बूझ के महत्वपूर्ण संकेतक है।

राजस्व घाटा/ आधिक्य

राजस्व तथा व्यय के बीच के अन्तर को दर्शाता है। सरकार की वर्तमान स्थापना के रखरखाव हेतु राजस्व व्यय की आवश्यकता होती है तथा आदर्श स्वरूप राजस्व प्राप्तियों से ही इसे पूर्णतया वहन किया जाना चाहिय

राजकोषीय घाटा/ आधिक्य

सकल प्राप्तियों (उधारियों रहित) तथा सकल व्यय के बीच के अन्तर को दर्शाता है। यह अन्तर इसलिए यह इंगित करता है कि व्यय को किस हद तक उधारी द्वारा वित्त-पोषित किया गया और आदर्श स्वरूप इसे पूंजीगत परियोजनाओं में निवेशित किया जाना चाहिए।

1.5 राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबन्धन (एफ आर बी एम) अधिनियम, 2005

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबन्धन (एफ आर बी एम) अधिनियम, 2005 को लागू किया है। इसी अधिनियम के अन्तर्गत् राज्य सरकार द्वारा विशिष्ट अवधि में राजकोषीय लक्ष्यों को प्राप्त करना था। वर्ष 2018-19 के दौरान अधिनियम में राजकोषीय लक्ष्य तथा नियमों की उपलब्धि निम्नलिखित थीः-

क्रम संख्या	वित्तीय मापदण्ड	वास्तविक (₹ करोड़ में)	जीएसडीपी का अनुपात*	
			लक्ष्य	उपलब्धि
1	राजस्व घाटा	1508 (आधिक्य)	वर्ष 2011-12 में समाप्त करना	वर्ष के दौरान लक्ष्य को प्राप्त किया गया
2	राजकोषीय घाटा	3512	3.50 या कम	2 *प्रतिशत* (वर्ष के दौरान लक्ष्य को प्राप्त किया गया
3	ऋण तथा अन्य दायित्व	54299	32.88	36 *प्रतिशत* (लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया)
4	परादेय प्रति भूतियां	4309	गत वित्तिय वर्ष की राजस्व प्राप्ति के 40% से कम	10 *प्रतिशत* (लक्ष्य को प्राप्त किया गया)

* सकल राज्य घरेलु उत्पाद आंकड़े (₹ 151835 करोड़) हिमाचल प्रदेश सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से लिए गये क्योंकि यह आंकड़े भारत सरकार के सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यन्वयन मंत्रालय के वेव साइट पर उपलब्ध नहीं है।

राज्य सरकार के आवश्यक उदघोषित विधान मण्डल में प्रस्तुत किये जो कि हिमाचल प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबन्धन अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत् विवरणो को दर्शाना अनिवार्य था।

वर्ष 2017-18 में राज्य का राजस्व आधिक्य ₹ 314 करोड़ था और वर्ष 2018-19 के दौरान ₹ 1508 करोड़ हो गया जोकि एफ. आर. बी. एम. अधिनियम के लक्ष्यों के अनुरूप था । वर्ष 2017-18 में ₹ 3870 करोड़ के राजकोषीय घाटे में ₹ 358 करोड़ की कमी के कारण चालू वर्ष में राजकोषीय घाटा ₹ 3512 करोड़ रहा यह राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 2.31 *प्रतिशत* के बराबर था जो कि संशोधित राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध अधिनियम में निर्धारित लक्ष्य 3.50 *प्रतिशत* से अधिक है। 31 मार्च 2019 को परादेय ऋण ₹ 54299 करोड़, सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 36 *प्रतिशत* है जो परादेय ऋण को कम करने के लक्ष्य सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 32.82 *प्रतिशत* से अधिक है, । इसी प्रकार परादेय प्रतिभूतियों की राशि के लक्ष्य को पिछले वर्ष 2017-18 के सकल राजस्व प्राप्तियों के 40 *प्रतिशत* से कम बनाए रखना है जो कि 31 मार्च 2019 को ₹ 4309 करोड़, पिछले वर्ष 2017-18 के सकल राजस्व प्राप्तियों (₹ 27367 करोड़) की 16 *प्रतिशत* है।

1.5.1 राजस्व घाटा / आधिक्य के रूझान

राजस्व घाटा / आधिक्य के रूझान



1.5.2 राजकोषीय घाटे का रूझान

राजकोषीय घाटे का रूझान



1.5.3 पूंजीगत व्यय पर खर्च की गई उधार निधि का अनुपात

(₹ करोड़ में)

वर्ष	उधार निधि	पूंजीगत व्यय
2014-15	10877	2473
2015-16	6129	2864
2016-17	8603	3499
2017-18	5600	3756
2018-19	6427	4583



सामान्यतः सरकार राजकोषीय घाटे पर चलती है तथा आर्थिक व सामाजिक ढ़ांचे के निर्माण के लिए तथा पूंजीगत/परिसम्पतियों के निर्माण के लिए ऋण लेती है, अतएव ऋणों द्वारा निर्मित परिसम्पतियाँ अपने लिए स्वयं आय उत्पन्न कर सके । इस प्रकार पूंजीगत परिसम्पतियों के सृजन हेतु ऋणों के पूर्णतया उपयोग तथा मूलधन एवं ब्याज की वापिसी हेतु राजस्व-प्राप्तियों के इस्तेमाल आपेक्षित है। हालांकि राज्य सरकार द्वारा केवल पूंजीगत व्यय पर ₹ 4583 करोड़ का खर्च किया गया है जो चालू वर्ष का गृहित-निधि (₹ 6427 करोड़) का केवल 71 *प्रतिशत* था। अतः यह प्रतीत होता है कि लोक ऋण में उद्यार का शेष ₹ 4673 करोड़ पिछले वर्षो के लोक ऋण पर मूल राशि तथा ब्याज की अदायगी पर उपयोग किया गया है।

अध्याय II

प्राप्तियां

2.1 भूमिका

सरकार की प्राप्तियों को राजस्व प्राप्तियों तथा पूंजीगत प्राप्तियों में वर्गीकृत किया जाता है। वर्ष 2018-19 में कुल प्राप्तियां ₹ 34493 करोड़ थी ।

2.2 राजस्व प्राप्तियां

सरकार की राजस्व प्राप्तियों के मुख्यतः तीन घटक हैं :- कर राजस्व, गैर कर राजस्व तथा संघ सरकार द्वारा प्रदान सहायता अनुदान।

कर राजस्व — राज्य सरकार द्वारा एकत्रित तथा प्रतिधारित कर तथा संविधान की धारा 280 (3) के अन्तर्गत केन्द्रीय करों में राज्यों का हिस्सा सम्मिलित होते है।

गैर कर-राजस्व — ब्याज प्राप्तियां, लाभांश, लाभ, विभागीय प्राप्तियाँ आदि सम्मिलित होते है।

सहायता अनुदान — सहायता अनुदान, संघ सरकार द्वारा राज्य सरकार को दी गई केन्द्रगत-सहायता को अभिव्यक्त करते हैं । इसमें विदेश सरकार से प्राप्त तथा केन्द्र सरकार के माध्यम से सारणीबद्ध "वैदेशिक सहायता अनुदान" भी शामिल है । बदले में , राज्य- सरकार पंचायती राज संस्थान , स्वायत्त निकायों आदि जैसे संस्थानों को सहायता अनुदान भी देती है ।

राजस्व-प्राप्तियां



2.2.1 राजस्व प्राप्तियों के घटक (2018-19)

(₹ करोड़ में)

घटक	वास्तविक आंकडे	राजस्व प्राप्तियों से प्रतिशतता
*क. कर-राजस्व **	**13002**	**42**
माल व सेवाओं पर कर	4790	15
आय व व्यय पर कर	3289	11
सम्पत्ति पूंजीगत तथा लेनदेनों पर कर	260	1
माल व सेवाओं पर कर के अलावा अन्य वस्तुओं और सेवाओं पर कर	4664	15
ख. गैर कर-राजस्व	**2830**	**9**
ब्याज प्राप्तियां, लाभांश व लाभ	568	2
सामान्य सेवाएं	268	1
सामाजिक सेवाएं	316	1
आर्थिक सेवाएं	1678	5
ग. सहायता अनुदान एवं अंशदान	**15118**	**49**
कुल राजस्व प्राप्तियां	**30950**	**100**

*इसमें भारत सरकार से प्राप्त राज्यों को समनुदेशित निवल आगमों का अंश सम्मिलित है ।

2.2.2 राजस्व प्राप्तियों का रूझान

(₹ करोड़ में)

	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
कर राजस्व (राज्य द्वारा संग्रहित)	5940 (6)	6696 (6)	7039 (6)	7108 (5)	7573 (5)
संघ के करों/ शुल्कों में राज्य का हिस्सा	2644 (3)	3611 (3)	4344 (3)	4801 (3)	5429 (4)
गैर कर-राजस्व	2081 (2)	1837 (2)	1717 (1)	2364 (2)	2830 (2)
सहायता अनुदान	7178 (8)	11296 (10)	13164 (11)	13094 (10)	15118 (10)
कुल राजस्व प्राप्तियां	**17843 (19)**	**23440 (21)**	**26264 (21)**	**27367 (20)**	**30950 (20)**
सकल राज्य घरेलू उत्पाद	**95587**	**110511**	**124570**	**135914**	**151835**

टिप्पणी : लघु कोष्ठक में दिए गए आंकडे सकल राज्य घरेलू उत्पाद की प्रतिशतता को दर्शाते हैं । (सकल राज्य घरेलु उत्पाद के आंकड़े वर्तमान दरो पर हिमाचल प्रदेश सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से लिए गये है।

हांलाकि वर्ष 2018-19 में पिछले वर्ष के मुकाबले सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 12 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई, राजस्व संग्रहण में बढोतरी केवल 13 *प्रतिशत* ही थी । कर राजस्व 7 *प्रतिशत* तक बढा जबकि गैर कर-राजस्वों में 20 *प्रतिशत* तक की वृद्धि देखी गयी तथा सहायता अनुदान में पिछले वर्ष के मुकाबले 15 *प्रतिशत* की वृद्धि देखी गयी, जिस से राज्य की राजस्व प्राप्तियों पर प्रतिकुल असर पड़ा।

राजस्व प्राप्तियों का रूझान



2.3 कर राजस्व

(₹ करोड़ में)

क्षेत्र वार राजस्व प्राप्तियां					
	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
क. वस्तु तथा सेवा कर	लागू नहीं*	लागू नहीं*	लागू नहीं*	2386 (2)	4790 (3)
ख. आय व व्यय पर कर	1583 (2)	1922 (2)	2362 (2)	2713 (2)	3289 (2)
ग. सम्पत्ति तथा पूंजीगत लेन देनों पर कर	210 --	213 --	220 --	246 --	259 --
ध. वस्तुओं व सेवाओं पर कर	6791 (7)	8172 (7)	8801 (7)	6564 (5)	4664 (3)
कुल कर राजस्व	**8584 (9)**	**10307 (9)**	**11383 (9)**	**11909 (9)**	**13002 (9)**
जी एस डी पी	**95587**	**110511**	**124570**	**135914**	**151835**

टप्पणी : लघु कोष्ठक में दिए गए आंकडे सकल राज्य घरेलू उत्पाद की प्रतिशतता को दर्शाते हैं ।
** लागु नहीं*

वर्ष 2018-19 में सकल कर राजस्व में बढोतरी भारत सरकार से राज्य अंश प्राप्त होने व मुख्यत: जी एस टी (₹ 3343 करोड़), निगम कर (₹ 1888 करोड़), निगम कर के अतिरिक्त अन्य आय पर कर (₹ 1391 करोड़), के अधिक एकत्रीकरण के कारण हुई।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में मुख्य करों का रूझान



2.3.1 राज्य का निजी कर तथा संघीय करों में राज्य का अंश

राज्य सरकार को कर राजस्व मुख्यतः दो स्त्रोतों से आता हैं :- राज्य का निजी कर संग्रहण तथा संघीय करों में राज्य का अंश।



निम्न तालिका में पिछले पांच वर्षो के दौरान कर राजस्व के दो मुख्य स्त्रोतों की आय को दर्शाया गया है:-

(₹ करोड़ में)

विवरण	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
राज्य का निजी कर संग्रहण	5940	6696	7039	7108	7573
संघीय करों में राज्य का अंश	2644	3611	4344	4801	5429
सकल कर राजस्व	**8584**	**10307**	**11383**	**11909**	**13002**
सकल कर राजस्व में राज्य के निजी कर का प्रतिशत	*69*	*65*	*62*	*60*	*58*

राज्य के अपने कर संग्रहण के अनुपात में कर राजस्व वर्ष 2015-16 में घटकर 65 प्रतिशत और 2016-17 में घटकर 62 प्रतिशत और 2017-18 में घटकर 60 प्रतिशत तथा वर्ष 2018-19 में दोवारा घटकर 58 प्रतिशत दर्ज हुआ।

2.3.2 पिछले पाँच वर्ष के दौरान राज्य के निजीकर संग्रहण का रूझान

(₹ करोड़ में)

विवरण	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
राज्य वस्तु तथा सेवा कर	लागू नही*	लागू नही*	लागू नही*	1833	3343
बिक्री, व्यापार आदि पर कर	3660	3993	4382	2526	1185
राज्य आबकारी शुल्क	1044	1131	1308	1311	1482
वाहनों पर कर	220	317	280	367	408
स्टॉप और पंजीकरण शुल्क	191	206	209	229	251
विद्युत पर कर एवं शुल्क	333	551	372	361	487
भूमि राजस्व	17	7	8	17	8
वस्तुओं एवं यात्रियों पर कर	110	115	121	112	104
अन्य कर	365	376	359	352	305
सकल राज्य का निजी कर	**5940**	**6696**	**7039**	**7108**	**7573**

* लागू नहीं

2.4 कर वसूली पर दक्षता

(₹ करोड़ में)

कर	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
1. बिक्री, व्यापार आदि पर कर					
राजस्व वसूली	3660	3993	4382	2526	1185
संग्रहण पर व्यय	3	4	4	7	2
कर वसूली में दक्षता	0.08%	0.10%	0.09%	0.28%	0.17%
2. राज्य आबकारी शुल्क					
राजस्व वसूली	1044	1131	1308	1311	1482
संग्रहण पर व्यय	4	4	6	6	6
कर वसूली में दक्षता	0.38%	0.35%	0.46%	0.46%	0.40%
3. वाहन, वस्तुओं एवं यात्रियों पर कर					
राजस्व वसूली	330	432	401	479	512
संग्रहण पर व्यय	37	41	42	48	53
कर वसूली में दक्षता	11.21%	9.49%	10.47%	10.02%	10.35%
4. स्टांप तथा पंजीकरण शुल्क					
राजस्व वसूली	191	206	209	229	251
संग्रहण पर व्यय	2	2	23	8	9
कर वसूली में दक्षता	1.05%	0.97%	11.00%	3.49%	3.59%

अन्य करो के मुकाबले वाहनों पर कर, वस्तुओं एवं यात्रियों पर कर एवं स्टॉप तथा पंजीकरण शुल्क के संग्रहण पर व्यय अधिक था।

2.5 संघीय करों में राज्य के अंश का पिछले पांच वर्षों का रूझान

(₹ करोड़ में)

विवरण	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
केन्द्रीय वस्तुओं एंव सेवाओं पर कर (सी जी एस टी)	लागू नहीं*	लागू नहीं*	लागू नहीं*	68	1340
एकीकृत वस्तुओं एंव सेवाओं पर कर (आई जी एस टी)	लागू नहीं*	लागू नहीं*	लागू नहीं*	485	107
निगम कर	923	1136	1394	1471	1888
आय तथा व्यय पर अन्य कर	लागू नहीं*	लागू नहीं*	लागू नहीं*	लागू नहीं*	10
निगम कर के अतिरिक्त आय पर कर	659	787	968	1242	1391
सम्पत्ति कर	3	शून्य	3	शून्य	Nil
सीमा शुल्क	428	579	600	485	385
संघीय आबकारी शुल्क	241	484	684	506	256
सेवा कर	390	622	695	544	49
पदार्थों और सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	शून्य	3	शून्य	शून्य	3
संघीय करों /शुल्क में राज्य का अंश	**2644**	**3611**	**4344**	**4801**	**5429**
कुल कर राजस्व	**8584**	**10307**	**11383**	**11909**	**13002**
संघीय करों से कुल कर राजस्व की प्रतिशतता	31	35	38	40	42

* लागू नहीं

हिमाचल प्रदेश सरकार को वर्ष 2014-15 से 2018-19 के दौरान, कुल कर राजस्व का 31 प्रतिशत से 42 प्रतिशत हिस्सा, सभी बॉटने योग्य संघ करों की निवल आंगम से प्राप्त हो रहा है ।

2.6 सहायता अनुदान

सहायता अनुदान भारत सरकार से प्राप्त सहायता राशि को अभिव्यक्त करते हैं तथा इसमें केन्द्रगत प्रायोजित स्कीमों , वित- आयोग अनुदान तथा राज्य/विधायीका वाले केन्द्रशासित प्रदेशो हेतु अन्य अन्तरण/अनुदान ।

वर्ष 2018-19 के दौरान सहायता-अनुदान के अधीन कुल प्राप्तियां ₹15118 करोड थी, जैसा निम्न दर्शाया गया है :-

सहायता अनुदान



सहायता अनुदान का रूझान



2.7 लोक ऋण

पिछले पांच वर्षों में लोक ऋण का रूझान



वर्ष 2018-19 में ₹ 4210 करोड़ के 9 ऋण 7.52 *प्रतिशत* से 8.77 *प्रतिशत* की ब्याज की दर से खुला-बाजार से लिए गए थे जो वर्ष 2021-28 के बीच में प्रतिदेय है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार ने वित्तीय संस्थानों से ₹ 654 करोड़ , भारतीय रिजर्व बैंक से ₹1496 करोड़ आर्थोपाय अग्रिम लिया गया। इस प्रकार वर्ष 2018-19 में कुल आन्तरिक ऋण ₹ 6360 करोड़ लिया गया। सरकार ने ऋणों तथा अग्रिमों के रूप में भारत सरकार से ₹ 67 करोड़ का ऋण भी प्राप्त किया।

उधार निधि से पूंजीगत व्यय की तुलना



अध्याय III

व्यय

3.1 भूमिका

व्यय को राजस्व व्यय तथा पूंजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत किया गया है । राजस्व व्यय का उपयोग सरकारी तंत्र के दैनिक कार्य-संचालन के लिए किया जाता है । पूंजीगत व्यय को स्थायी परिसम्पत्तियों के सृजन अथवा ऐसी परिसम्पत्तियों की उपयोगिता में वृद्धि या स्थायी दायित्वों को कम करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है । व्यय को और आगे योजनागत तथा योजनेतर के अधीन वर्गीकृत किया गया ।

सरकारी लेखों में व्यय को मुख्यतः तीन खण्डों में बांटा जा सकता हैः- सामान्य सेवाएँ, सामाजिक सेवाएँ तथा आर्थिक सेवाएँ। इन खण्डों के अन्तर्गत आने वाले मुख्य क्षेत्रों में व्यय को निम्न तालिका में दर्शाया गया हैः-

सामान्य सेवाएं	न्याय, पुलिस, जेल, लोक निर्माण, ब्याज, पैन्शन इत्यादि
सामाजिक सेवाएं	शिक्षा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, जल वितरण इत्यादि
आर्थिक सेवाएं	कृषि, ग्रामीण विकास, सिंचाई, सहकारिता, ऊर्जा, उद्योग , परिवहन इत्यादि

3.2 राजस्व व्यय

बजट प्राक्कलनों के सम्मुख राजस्व व्यय में कमी, जो बिगत पाँच वर्षों के दौरान हुआ, को नीचे दर्शाया गया है:-

(₹ करोड़ में)

घटक	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
कुल राजस्व व्यय	19784	23488	26746	28756	33568
वास्तविक आंकड़े	19787	22303	25344	27053	29442
अन्तर	(+)3	(-)1185	(-)1402	(-)1703	(-)4126
बजट प्राक्कलनों से वास्तविक आंकड़ों की प्रतिशतता	--	(-)5	(-)5	(-)6	(-)12

स्त्रोतः संबधित वर्ष के विनियोग लेखे

राजस्व व्यय का लगभग 73 प्रतिशत वेतन व मजदूरी (₹ 11210करोड़), ब्याज भुगतान (₹ 4022 करोड़), पैंशन (₹ 4975 करोड़) तथा उपदान (₹ 1283 करोड़) पर किया गया जो कि राज्य सरकार की 'प्रतिबद्ध व्यय' थी।

विगत पाँच वर्षों में प्रतिबद्ध और अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय की स्थिति इस प्रकार है:-

(₹ करोड़ में)

घटक	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
कुल राजस्व व्यय	19787	22303	25344	27053	29442
प्रतिबद्ध राजस्व व्यय #	14982	16511	17919	20170	21490
कुल राजस्व व्यय में प्रतिबद्ध राजस्व व्यय का प्रतिशत	*76*	*74*	*71*	*75*	*73*
अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय	4805	5792	7425	6883	7952

प्रतिबद्ध राजस्व ब्याज में वेतन व मजदूरी, ब्याज, भुगतान पैंशन तथा अनुदान सम्मिलित हैं।

यह देखा गया है कि विभिन्न स्कीमों के क्रियान्वयन हेतु उपलब्ध अप्रतिवद्ध राजस्व व्यय में वर्ष 2014-15 में ₹ 4805 करोड़ से वर्ष 2018-19 में ₹ 7952 करोड़ 65 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई। कुल राजस्व व्यय में वर्ष 2014-15 में ₹19787 करोड़ से वर्ष 2018-19 में ₹ 29442 करोड़ 49 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई तथा उसी अवधि के दौरान प्रतिबद्ध राजस्व व्यय म 43 *प्रतिशत* का आवर्धन हुआ।

3.2.1 राजस्व व्यय का क्षेत्र वार विवरण (2018-19)



3.2.2 राजस्व व्यय के मुख्य घटक (2014-15 से 2018-19)

(₹ करोड़ में)

क्षेत्र	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
सामान्य सेवाएं	7604	8789	9728	11019	11439
सामाजिक सेवाएं	7451	7980	9610	10337	11482
आर्थिक सेवाएं	4723	5524	5996	5697	6512
सहायता अनुदान एवं अंशदान	9	10	10	10	9

राजस्व व्यय के मुख्य घटको का रूझान



3.3 पूंजीगत व्यय

पूंजीगत व्यय महत्वपूर्ण है यदि वृद्धि प्रक्रिया लगातार बने रहती है। वर्ष 2018-19 में ₹4583 करोड के पूंजीगत संवितरण (जी एस डी पी के 3 *प्रतिशत*) बजट प्राक्कलनों से ₹343 करोड अधिक थे (योजनागत व्यय के अन्तर्गत ₹ 327 करोड का अधिक संवितरण तथा योजनेतर व्यय के अधीन ₹ 16 करोड का अधिक व्यय)। वर्ष 2014-15 से पूंजीगत व्यय ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद के समानान्तर वृद्धि नही की तथा लगभग स्थिर रही। नीचे सारणी से यह प्रतीत होता है :-

(₹ करोड़ में)

क्रम संख्या	घटक	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
1	बजट प्राक्कलन	1952	2951	3190	3475	4240
2	वास्तविक व्यय (#)	2473	2864	3499	3756	4583
3	बजट प्राक्कलनों से वास्तविक व्यय की प्रतिशतता	127	97	110	108	108
4	पूंजीगत व्यय में वार्षिक बढौतरी	33%	16%	22%	7%	22%
5	सकल राज्य घरेलू उत्पाद	95587	110511	124570	135914	151835
6	सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वार्षिक बढौतरी	16%	16%	13%	9%	12%

पूंजीगत परिव्यय में ऋणों तथा अग्रिमों का व्यय सम्मिलित नहीं है।

3.3.1 पूंजीगत व्यय का क्षेत्र-वार विवरण

2018-19 के दौरान सरकार द्वारा विभिन्न सिचाई परियोजनाओं पर ₹ 286 करोड का व्यय किया गया। (₹ 227 करोड़ लघु सिंचाई तथा मध्यम सिंचाई पर ₹ 59 करोड)। उपरोक्त के अलावा सरकार ने सड़कों तथा भवनों के निर्माण पर ₹ 1941 करोड का खर्च किया तथा सांविधिक निगमों/बोर्डों में ₹ 113 करोड़ , सरकारी अन्य कम्पनियों तथा सहकारी समितियों में ₹ 204 करोड़, का निवेश किया।वर्ष के दौरान सहकारी समितियों के द्वारा ₹ 2 करोड़, की शेयर पूंजी का विमोचन किया गया।

3.3.2. विगत पांच वर्षो में पूंजीगत व्यय का क्षेत्रवार विवरण निम्न दिया गया है

(₹ करोड़ में)

क्षेत्र	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
सामान्य सेवाएं	83 (3)	88 (3)	208 (3)	192 (5)	227 (4)
सामाजिक सेवाएं	522 (18)	792 (24)	1041 (15)	1135 (27)	1187 (24)
आर्थिक सेवाएं	1868 (63)	1984 (60)	2250 (33)	2429 (57)	3169 (63)
ऋण और अग्रिम	474 (16)	463 (14)	3290 (48)	503 (12)	468 (9)

टिप्पणी : कोष्ठको में आंकडे कुल पूंजीगत व्यय पर प्रतिशत का प्रतिनिधित्व दर्शाते हैं ।

पूंजीगत व्यय के क्षेत्रवार विवरण का रूझान



3.3.3. पूंजीगत तथा राजस्व व्यय का क्षेत्रवार विवरण

विगत पांच वर्षो में पूंजीगत तथा राजस्व व्यय का तुलनात्मक क्षेत्रवार विवरण निम्न दिया गया है:-

(₹ करोड़ में)

क्रम सं.	खण्ड		2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
क	सामान्य सेवाएं	पूंजीगत	83	88	208	192	227
		राजस्व	7604	8789	9728	11019	11439
ख	सामाजिक सेवाएं	पूंजीगत	522	792	1041	1135	1187
		राजस्व	7451	7980	9610	10337	11482
ग	आर्थिक सेवाएं	पूंजीगत	1868	1984	2250	2429	3169
		राजस्व	4723	5524	5996	5697	6512
घ	सहायता अनुदान एवं अंशदान	पूंजीगत	लागू नहीं*	लागू नहीं*	लागू नहीं*	लागू नहीं*	लागू नहीं*
		राजस्व	9	10	10	10	9

* लागू नहीं

अध्याय IV

योजनागत तथा योजनेतर व्यय

4.1 व्यय का वितरण



4.2 योजनागत व्यय

वर्ष 2018-19 के दौरान योजनागत व्यय (दोनों राजस्व, पूंजीगत तथा ऋण एवं अग्रिम) ₹ 8805 करोड़ था जोकि कुल व्यय ₹ 34493 करोड़ का 26 प्रतिशत है, इसमें राज्य योजना के अन्तर्गत ₹ 5459 करोड़ , केन्द्रीय प्रायोजित/केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत ₹ 3346 करोड़ है ।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद तथा सकल व्यय में योजनागत व्यय की प्रतिशतता



राजस्व-क्षेत्र के अधीन योजनागत व्यय में 2017-18 में ₹ 3772 करोड़ से वर्ष 2018-19 में ₹ 4263 करोड़, 13 *प्रतिशत* तक की वृद्धि हुई। पूंजीगत क्षेत्रों में यह वृद्धि वर्ष 2017-18 में ₹ 3416 करोड़ से वर्ष 2018-19 में ₹ 4103 करोड़ तक 20 *प्रतिशत* रही । केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों/केन्द्रीय योजना (राजस्व ₹ 2036 करोड़ तथा पूंजीगत ₹ 1310 करोड़) में योजनागत व्यय पर वर्ष 2017-18 में ₹ 2805 करोड़ से वर्ष 2018-19 में ₹ 3446 करोड़ की वृद्धि हुई।

4.2.1 पूंजीगत लेखे के अन्तर्गत योजनागत व्यय



*ऋणों व अग्रिम के ₹439 करोड़ शामिल है।

4.2.2 ऋणों तथा अग्रिमों पर योजनागत व्यय

ऋणों व अग्रिम के अन्तर्गत महत्वपूर्ण संवितरण निम्न प्रकार से है :

मुख्य शीर्ष	राशि (₹ करोड़ में)	उद्देशय
6425 सहकारिता के लिए ऋण	28	एकीकृत सरकारी विकास परियोजना
6801 विद्युत परियोजनाओं हेतु ऋण	409	विभिन्न विद्युत परियोजनाओं को ऋण
7610 सरकारी कर्मचारियों को ऋण आदि	2	सरकारी कर्मचारियों को भवन निर्माण अग्रिम
योग	439	

4.3 आयोजनेतर व्यय

वर्ष 2018-19 का आयोजनेतर व्यय ₹ 25689 करोड़ (दोनों राजस्व ,पूंजीगत तथा ऋण एवं अग्रिम) जो कि कुल व्यय ₹ 34493 करोड़ का 74 *प्रतिशत* था। इसमें राज्य आयोजनेतर के अन्तर्गत ₹ 25410 करोड़ केन्द्रीय प्रायोजित/केन्द्रीय आयोजनेतर योजना ₹ 250 करोड़ एवं ऋण व अग्रिम ₹ 29 करोड़ था। वेतन तथा मजदूरी पर खर्च ₹ 11210 करोड़ कुल आयोजनेतर व्यय का 44 *प्रतिशत* था।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद तथा सकल व्यय में आयोजनेतर व्यय की प्रतिशतता



4.4 प्रतिबद्ध व्यय

वर्ष 2018-19 के दौरान पिछले वर्ष के मुकाबले वेतन, पैंशन तथा ब्याज पर व्यय में वृद्धि हुई जो मुख्यतः वेतन तथा पैंशन के पुनर्निधारण के कारण हुई।

प्रतिबद्ध व्यय का रूझान



विगत पाँच वर्षों में राजस्व व्यय तथा राजस्व प्राप्तियों में प्रतिबद्ध व्यय के साथ तुलनात्मक रूझान निम्न प्रकार से है।

(₹ करोड़ में)

घटक	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
प्रतिबद्ध व्यय	14982	16511	17919	20170	21490
राजस्व व्यय	19787	22303	25344	27053	29442
राजस्व प्राप्तियां	17843	23440	26264	27367	30950
कुल राजस्व प्राप्तियों से वचनबद्ध व्यय की प्रतिशतता	84	70	68	74	69
कुल राजस्व व्यय से वचनबद्ध व्यय की प्रतिशतता	76	74	71	75	73

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक प्रतिबद्ध व्यय में बढोतरी 43 *प्रतिशत* रही, जबकि उसी समय में राजस्व व्यय में बढोतरी 49 *प्रतिशत* रही जिस कारण विकास कार्यों पर व्यय हेतु सरकार के पास कम धन उपलब्ध रहा ।

अध्याय V

विनियोग लेखे

5.1 वर्ष 2018-19 के विनियोग लेखों का सारांश

(₹ करोड़ में)

क्रम संख्या	व्यय का स्वरूप	मूल अनुदान	अनुपूरक अनुदान	पुनर्विनियोजन के द्वारा समर्पण	कुल बजट	वास्तविक व्यय (निवल)	बचत (-) आधिक्य (+)
1.	**राजस्व** दत्तमत *प्रभारित*	29245 4323	701 91	5000 170	24946 4244	25277 4165	(+)331 (-)79
2.	**पूंजीगत** दत्तमत *प्रभारित*	4285 --	641 11	358 --	4568 11	4572 11	(+)4 --
3.	**लोक ऋण** *प्रभारित*	3184	1438	--	4622	4673	(+)51
4.	**ऋण एवं अग्रिम** *दत्तमत*	448	260	299	409	467	(+)58
	योग दत्तमत *प्रभारित*	**33978** **7507**	**1602** **1540**	**5657** **170**	**29923** **8877**	**30316** **8849**	**(+)393** **(-)28**

5.2 विगत पांच वर्षों में बचत/आधिक्य का रुझान

(₹ करोड़ में)

बचत (-) आधिक्य (+)					
वर्ष	राजस्व	पूंजीगत	लोक ऋण	ऋण एवं अग्रिम	कुल
2014-15	(-)1465	(-)73	(+)967	(+)87	**(-)484**
2015-16	(+)31	(+)35	(+)2319	(+)138	**(+)2523**
2016-17	(-)2544	(+)69	(+)56	(+)2889	**(+)470**
2017-18	(+)204	(-)100	--	(+)10	**(+)114**
2018-19	(+)252	(+)4	(+)51	(+)58	**(+)365**

5.3 महत्वपूर्ण बचतें

अनुदान के अधीन पर्याप्त बचत, कुछ निश्चित स्कीमों/कार्यक्रमों के अक्रियान्वयन या धीमें क्रियान्वयन को दर्शाती है।

निरन्तर तथा महत्वपूर्ण बचत वाले एक करोड़ से अधिक कुछ अनुदानों का ब्यौरा इस प्रकार है :-

(₹ करोड़ में)

अनुदान संख्या	स्वरूप	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
1	विधान सभा	--	--	--	3	3
2	राज्यपाल/मन्त्री परिषद	--	--	--	--	3
3	न्याय प्रशासन	6	13	15	12	33
4	सामान्य प्रशासन	12	17	13	14	21
5	भू-राजस्व और जिला प्रशासन	36	--	87	--	--
6	आबकारी एवं कराधान	--	4	2	7	14
7	पुलिस और सम्बन्ध संगठन	10	73	51	82	147
8	शिक्षा	385	1076	866	665	981
9	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	158	367	299	216	340
10	लोक निर्माण कार्य-सड़के, पुल तथा भवन	18	78	46	42	283
11	कृषि	--	38	27	11	75
12	उद्यान	--	--	--	103	19
13	सिंचाई, जलापूर्ति तथा स्वच्छता	--	--	--	119	152
14	पशुपालन , डेरी विकास एवं मत्स्य	7	35	35	45	74
